दुनिया में हो सकती है सोने की किल्लत

देश में हर साल 800 टन सोने की मांग, चीन के बाद सबसे ज्यादा खपत वाला देश है भारत

नईदिल्ली। देश में हर साल 800 टन सोने की मांग, चीन के बाद सबसे ज्यादा खपत वाला देश है भारत नई दिल्ली। सोने के दाम भले ही लगातार बढ़ रहे हैं, फिर भी देश में इसकी मांग में कोई कमी नहीं दिख रही है। सोना हमेशा से भारतीयों की पहली पसंद रहा है। यही वजह है कि लोग आज भी घरों में सोना रखना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं निकट भविष्य में सोने की किल्लत भी हो सकती है, क्योंकि धरती में सिर्फ अब 50 हजार टन सोना ही बचा है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, धरती से अब तक करीब 2 लाख टन सोना निकाला जा चुका है और अब सिर्फ 50 हजार टन ही बाकी है।

वहीं भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में धरती के अंदर 1 अप्रैल 2020 तक कुल 5.86 टन सोना ही बचा है। हालांकि निकट भविष्य में इस बात के संकेत हैं कि सोने का कोई अर्टिफिशियल विकल्प तैयार किया जा सकता है। हमारे देश में हर साल 800 टन सोने की खपत होती है। इसमें से सिर्फ एक टन का उत्पादन भारत में होता है और बाकी का सोना आयात किया जाता है। चीन के बाद भारत में ही सोने की सबसे ज्यादा खपत होती है। वहीं वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के घरों में 2019 में 25000 टन से ज्यादा यानी 147 लाख करोड़ रुपए का सोना था और डिपार्टमेंट ऑफ द ट्रेजरी ब्यूरो ऑफ द फिस्कल सर्विस के 2021 के डेटा के मुताबिक अमेरिका के सरकारी खजाने में 8000 टन से ज्यादा सोना जमा है। भारत के मंदिरों में लगभग 4000 टन सोना जमा है। दुनिया का करीब नौ से दस परसेंट गोल्ड भारतीयों के पास है। यानी अमेरिका के सरकारी खजाने से करीब तीन गुना ज्यादा सोना हमारे घरों में रखा है।

छह साल में दोगुना से अधिक हुई कीमतें

देश में 2017 में सोना 29667 रुपए प्रति दस ग्राम बिका था, जो 2023 में बढ़कर 60 हजार रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच चुका है। इस तरह छह सालों में सोने के दाम दोगुना से अधिक बढ़े हैं। आने वाले दिनों में इसमें और तेजी आने की संभावना है।

अमेरिका में सबसे ज्यादा स्वर्ण भंडार

अमेरिका के सरकारी खजाने में 8133 टन सोना है। इस मामले में दुनिया का कोई देश अमेरिका के आसपास भी नहीं है। इस लिस्ट में दूसरे ने पर जर्मनी है जिसके केंद्रीय बैंक के खजाने में 3355 टन सोना भरा है। भारत गोल्ड रिजर्व के मामले में टॉप 10 देशों में शामिल है।

पाक से 12 गुना ज्यादा सोना हमारे पास

भारत स्वर्ण भंडार के मामले में दुनिया में नौवें नंबर पर है। भारत के पास 797 टन गोल्ड रिजर्व है। लेकिन वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक भारत में आम लोगों के पास करीब 25000 टन सोना है जो दुनिया में सबसे अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के पास इस साल की दूसरी तिमाही में 64.66 टन सोना था। यानी भारत के पास पाकिस्तान की तुलना में 12 गुना से ज्यादा सोना है।

भारत की प्रमुख सोने की खदानें

- ☐ कोलार गोल्ड माइंस, कोलार कर्नाटक
- ☐ हट्टी गोल्ड माइंस, हट्टी कर्नाटक
- ☐ सोनभद्र माइंस, सोनभद्र उत्तर प्रदेश
- ☐ परासी गोल्ड माइंस, रांची झारखंड
- ☐ कुंदर कोचा गोल्ड माइंस, कुंदर कोचा झारखंड
- ☐ पहाड़िया गोल्ड माइंस, पहाड़िया झारखंड
- ☐ लावा गोल्ड माइंस, चांडिल झारखंड

कैसे तैयार होता है सोना

सोना आमतौर पर या तो अकेले या पारे या सिल्वर के साथ मिश्र धातु के रूप में पाया जाता है। कैलेवराइट, सिल्वेनाइट, पेटजाइट और क्रेनराइट अयस्कों के रूप में भी यह पाया जाता है। ज्यादातर स्वर्ण अयस्क या तो खुले गड्ढों से आता है या फिर भूमिगत खानों से। जहां सोना सतह के थोड़ा ही भीतर मौजूद होता है, वहां छोटे-छोटे गड्ढे करके उनमें डायनामाइट भरके धमाके करते हैं। इस धमाके से हुए टुकड़ों को ट्रक में भरकर सोना निकालने के लिए भेज दिया जाता है। जहां सोना सतह के बहुत नीचे होता है, वहां अंडरग्राउंड माइनिंग होती है। फिर उन गुफाओं में अंदर जाकर वहां से धमाके कर चट्टान के टुकड़े इकट्ठे होते हैं। मिल में इन चट्टान के टुकड़ों से सोना निकालने का काम शुरू होता है। इसके बाद कई और स्टेज के प्यूरीफिकेशन से गुजरने के बाद सोना पिघलाया जाता है और इसके ब्लॉक तैयार कर लिए जाते हैं। ये ब्लॉक आगे और रिफाइनिंग के लिए भेजे जाते हैं। उसके बाद सोना बाजार में पहुंचता है।

स्वर्ण भंडार वाले टॉप 10 देश

☐ अमेरिका	8133
☐ जर्मनी	3355
☐ इटली	2452
☐ फ्रांस	2437
☐ रूस	2330
☐ चीन	2113
☐ स्विट्जरलैंड	1040
☐ जापान	846
☐ भारत	797
☐ नीदरलैंड	612

(टन में स्वर्ण भंडार)

भारत में बीते पांच साल में सोने की मांग

☐ 2018	760
☐ 2019	690
☐ 2020	446
☐ 2021	797
☐ 2022	800

(स्टैटिस्टा द्वारा जारी आंकड़े टन में)

बीते पांच साल में खदानों से निकला सोना

☐ 2018	3300
☐ 2019	3300
☐ 2020	3030
☐ 2021	3090
☐ 2022	3100

(स्टैटिस्टा द्वारा जारी आंकड़े टन में)

अदाणी ग्रुप का बाजार मूल्यांकन 45200 करोड़ रुपए बढ़ा

बीते सप्ताह 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

नई दिल्ली। उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 45200 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। इसका कारण वैश्विक निवेशकों के विश्वास जताने पर समूह की सभी 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में आई तेजी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसारए अदाणी समूह की 10 कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 10.96 लाख करोड़ रुपए हो गया। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर की कीमतों में वृद्धि वैश्विक निवेशकों की रुचि बढ़ने के कारण है। लगता है कि निवेशकों ने डेलॉयट के हालिया मुद्दे को पीछे छोड़ दिया है। एक घरेलू ब्रोकरेज कंपनी के शोध प्रमुख ने कहा, पिछले कुछ दिनों में अदाणी समूह के शेयरों में मजबूती देखने को मिली। बाजार ने उभरती गतिविधियों और उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, सामूहिक स्तर पर धन जुटाने की प्रक्रिया मजबूत बनी हुई है और परियोजना निष्पादन निर्बाध रूप से आगे बढ़ रहा है, समूह की परिचालन क्षमताओं में विश्वास की एक मजबूत भावना है। शेयर निकट अवधि में लाभ के लिए तैयार हैं। शोध प्रमुख ने कहा कि विश्वास पैदा करने के लिए प्रवर्तकों द्वारा किए गए उपायों ने भी मदद की है। दीर्घकालिक निवेशकों जीक्यूजी पार्टनर्स और कतर इनवेस्टमेंट अथॉरिटी द्वारा हाल ही में किए गए अधिग्रहणों को सकारात्मक रूप से लिया गया क्योंकि इन सौदों के बाद प्रवर्तक समूह के पास प्रचुर मात्रा में पूंजी है।

प्रदेश में नई ऊंचाइयों पर ऑर्गेनिक निर्यात

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार की ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर चलाई जा रही विभिन्न पहलों का नतीजा लगातार बढ़ते निर्यात के रूप में सामने आया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 में प्रदेश ने 14 लाख टन ऑर्गेनिक उत्पादों का उत्पादन किया और करीब पांच लाख टन ऑर्गेनिक उत्पादों का निर्यात किया गया। इस निर्यात से करीब 2683 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित जी20 देशों के कृषि समूह की एक बैठक में इस बात को दोहराया था कि मध्य प्रदेश ऑर्गेनिक फार्मिंग में देश का अग्रणी राज्य है। चौहान ने कहा कि इस क्षेत्र में राज्य असीमित संभावनाओं वाला प्रदेश है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का अहम योगदान है और ऑर्गेनिक खेती की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। पारंपरिक कृषि विकास योजना के तहत प्रदेश के आठ जिलों में 2015-16 से 2022-23 के बीच 3888 ऑर्गेनिक क्लस्टर तैयार किए गए। प्रदेश के मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, बैतूल, अनूपपुर, आलीराजपुर और झाबुआ आदि जिले ऑर्गेनिक खेती में लगातार पहल कर रहे हैं। प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि कीटनाशकों और रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों से बचने का एक मात्र उपाय ऑर्गेनिक खेती को अपनाना ही है और यही वजह है कि ऑर्गेनिक उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है।

2 साल के निचले स्तर पर सरिया का भाव

घर बनाने वालों के लिए सुनहरा मौका, रिकॉर्ड स्तर से आधे से भी कम रह गई

भोपाल व्यापार संवाददाता। सरिये की कीमतें गिरकर 2 साल के निचले स्तर पर पहुंच चुकी हैं। यह रिकॉर्ड स्तर से आधे से भी रह गई हैं। ऐसे में जो घर बनाना चाह रहे हैं उनके पास सस्ता सरिया खरीदने का सुनहरा मौका है। घर बनाने में सबसे ज्यादा बोझ कंस्ट्रक्शन मटीरियल्स खासकर सरिये का पड़ता है। अभी लगभग हर हिस्से में 12 एमएम टीएमटी का भाव 50 हजार रुपए प्रति मीट्रिक टन यानी 5000 रुपए प्रति क्विंटल पड़ रहा है। लोहा व्यापारी सैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि भोपाल में सरिया 12 एमएम 4900 रुपए तो इंदौर में यह 4800 रुपए प्रति क्विंटल पड़ रहा है,जो अपने रिकॉर्ड स्तर से लगभग आधा है। एक समय था जब देश में 12 एमएम टीएमटी के भाव एक लाख रुपए प्रति टन तक पहुंच गए थे। यानी एक क्विंटल की कीमत 10 हजार रुपए थी। उसकी तुलना में अभी सरिया आधे से भी कम भाव में मिल रहा है। बारिश के दिनों में कंस्ट्रक्शन के काम धीमा हो जाता है। कंस्ट्रक्शन के काम में कमी आने से कंस्ट्रक्शन मटीरियल्स की मांग घट जाती है। यही कारण है कि सरिये के भाव में नरमी है। सरिये के साथ ईंट और सीमेंट के भाव भी अभी नरम चल रहे हैं। कुल मिलाकर देखें तो यह अपने सपनों का घर बनाने के लिए सबसे अच्छा समय साबित हो रहा है।

इस साल सरिये के भाव में लगातार गिरावट रही

साल 2023 की बात करें तो सरिये के भाव में लगातार गिरावट आई है। जनवरी में सरिया 60-65 हजार रुपए प्रति टन के भाव बिक रहा था। इसकी तुलना में अगस्त में सरिया 30-35 फीसदी सस्ता हो चुका है। हालॉकि मानसून के दिनों में सरिये के भाव में गिरावट आती ही है, क्योंकि इन दिनों निर्माण कार्य में रोक के चलते मांग घट जाती है।

प्रॉपर्टी बाजार बढ़ेगा 100 अरब डॉलर

नई दिल्ली। अनुमान लगाया जा रहा है वित्त वर्ष 2030 तक भारतीय प्रॉपर्टी बाजार बढ़कर 100 अरब डॉलर बढ़कर 300 अरब डॉलर का हो जाएगा। वित्त वर्ष 2021 के दौरान भारत का प्रोपर्टी मार्केट 200 अरब डॉलर था। हीं उम्मीद है कि रियल एस्टेट सेक्टर 2025 तक देश की जीडीपी में 13 फीसदी का का योगदान देगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रियल एस्टेट सेक्टर का भविष्य काफी अच्छा है और आने वाले समय में यह तेजी से तरक्की करने वाला है। इंडिया का रियल एस्टेट सेक्टर में निवेशकों की संख्या और पैसा तेज गति से बढ़ने वाला है। इसे और सरल तरीके से कहें तो आने वाले समय में इस सेक्टर के निवेशकों के लिए अच्छा समय होने की उम्मीद है।

रियल एस्टेट सेक्टर में उछाल देश के कुछ शहरों में सबसे ज्यादा मांग लेकर आएगा, इसमें मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे बड़े शहर शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन शहरों के कुछ हिस्सों में बजट में प्रॉपर्टी बिकेंगी और लोगों का इसकी ओर रुझान ज्यादा हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई के भीतर कुछ क्षेत्र खासकर कांजुर मार्ग, विक्रोली और भांडुप में करीब 70 फीसदी प्रॉपर्टी की खरीदारी की गई है।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम	ई-निविदा सूचना संख्या	अनुमानित लागत (रू)
उत्तर मध्य रेलवे में कर्षण सेवाओं की अनिवार्य ऊर्जा लेखा परीक्षा (मेन्डेटरी इनर्जी ऑडिट) का कार्य।	झाँसी-टीडी-टेन्डर-2022-02R3	575000.00 अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू.) 11500.00

निविदा बन्द होने की तिथि : 12.09.2023 15:00 pm.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 02 माह

- निविदा दिनांक **12/09/2023** को **15:00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

1321/23(AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR @northcentralrailway

राशिफल

पंचांग- 20 अगस्त 2023 दिन रविवार श्रावण मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि विक्रम संवत 2080 शक संवत 1944, **राहु काल**- दोपहर 4.30 से 6.00, **सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**- सूर्य सिंह राशि में चंद्र कन्या राशि में बुध सिंह राशि में गुरु मेष राशि में शुक्र कर्क राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मेष राशि में और केतु तुला राशि में, **योग**- साध्य **करण**- वणिज, **आराधना का मंत्र**-ॐ घृणिं सूर्य्यः आदित्यः।

20 अगस्त 2023,रविवार **पं. अरविंद तिवारी**

मेष-समय आज से सुधर रहा है तनाव कम होगा मन प्रसन्न रहेगा कामकाज में रुचि बढ़ेगी

वृषभ-समय बढ़िया बना हुआ है काम-काज बढ़िया रहेगा यात्रा सुखद और लाभकारी रहेगी प्रेम संबंध मजबूत रहेंगे

मिथुन-समय की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी रहेगी इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक काम एक-दो दिन में अवश्य करें

कर्क -समय आज से बेहद अनुकूल हो रहा है कार्य क्षेत्र में आ रही बाधाएं दूर होंगी मन प्रसन्न रहेगा प्रेम संबंध मजबूत होंगे

सिंह- समय आज से ठीक हो रहा है कल का तनाव और परेशानी नहीं रहेगी काम काज ठीक होगा

कन्या -ग्रहों का साथ लगातार बना हुआ है कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा वैवाहिक जीवन सुधरेगा

तुला- चंद्रमा लगातार आपकी मदद कर रहा है आय से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी जरूरी कार्यों को तेजी से संपन्न करें

वृश्चिक-समय आज बेहद शानदार है विरोधी पक्ष कमजोर होगा यात्रा सुखद होगी प्रेम संबंध मजबूत होंगे

धनु- समय आज के सामान्य हो रहा है तनाव और परेशानी कब होगी परंतु जरूरी काम अभी ना करे

मकर-समय आज ठीक नहीं है सुख में कमी आ सकती है मन अशांत रहेगा काम काज साधारण रहेगा

कुंभ-समय आज बेहद शानदार है कार्यक्षेत्र मजबूत होगा प्रेम संबंध सुधरेंगे

मीन- समय आज सामान्य सा रहेगा मन थोड़ा शांत रहेगा जिसके चलते कामकाज में बाधा उत्पन्न हो सकती

विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़ा

मुंबई । विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.42 अरब डॉलर घटकर 601.5 अरब डॉलर रहा था।रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 99.9 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 534.4 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34 करोड़ डॉलर कम होकर 44.3 अरब डॉलर रह गया।आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 5.1 अरब डॉलर रह गई।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या. 23/56 दिनांकः 18.08.2023

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	20233620	सेट ऑफ सिलिंड्रीकल रोलर बेयरिंग	102 सेट	06.09.2023
2	40231034ए	पालीऐमाएड शीट [नोमेक्स टाइप 410]	160 किग्रा	04.09.2023
3	30232231	रियर कवर फॉर एक्सल बॉक्स	8589 नग	06.09.2023
4	30232769ए	योक पिन वियर प्लेट	21000 नग	25.09.2023
5	70232680	डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिंथेटिक	10000 नग	26.09.2023
6	70233430	पेंट एल्युमिनियम ब्रूशिंग	15547 लीटर	26.09.2023
7	80231066	कॉमप्रेस्ड ऑक्सिजन गैस	455476 क्यूबिक मीटर	26.09.2023
8	63235099	GFN-66 लाइनर्स (60 Kg) फॉर यूस विद ERC MK-V ऑन 25T कान्क्रीट स्लीपर स्युटेबल टू 60 Kg (UIC) रेल फॉर 1673mm गाज, Drg. No. T-6938 & T-6939	454493 सेट	25.10.2023
9	64235075	सॉफ्ट सील	1337 नग/सेट	17.10.2023
10	64235034B	रॉलर क्लैम्प	40 नग	13.09.2023

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जायेगा। **1325/23(K)**

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.: सी/158/JHS/Catg./e-Auction/2023 **दिनांकः** 17.08.2023

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

श्रेणी	केटलोग संख्या	एसेट्स डिटेल्स	ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय	ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय
खानपान	RCR -GWL -04	झाँसी मंडल के ग्वालियर रेलवे स्टेशन के लिए रेल कोच रेस्टोरेंट ठेके की निविदा।	दिनांक 05.09.2023 को समय- 10:30 बजे से	दिनांक 05.09.2023 को समय- 11:00 बजे तक

नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1323/23 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

MOTILAL OSWAL HOME LOANS

Motilal Oswal Home Finance Limited

पंजीकृत कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड,
अपोजिट परेल एसटी डिपो, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025. दूरभाषः (022) 47 189999
वेबसाइटः- www.motilaloswalhf.com ईमेलः- hfquery@motilaloswal.com

आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति/यों के लिए)

जहाँ कहीं **मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेटस एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट कानून 2002का नियम 8 (1) के अनुपालन के साथ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित ऋणकर्ताओं को प्रत्येक खातें में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान उपरोक्त सूचना (ओ)की प्राप्ति दिनांक /सूचना की दिनांक से 60 दिवस में करने हेतु बुलाया गया था।
ऋणकर्ता/ओं राशि का भुगतान करने में असफल रहे है, इस एतद सूचना द्वारा ऋणकर्ता/ओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून की धारा 13(4) के साथ सपठित उपरोक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत उनको/उन्हे प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के समक्ष दर्शायी गयी दिनांक को नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों पर अधिग्रहण कर लिया है।
ऋणकर्ता/ओ को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि इन संपत्ति/यों के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं संपति के साथ कोई व्यवहार ऋण अनुबंध के अनुसार देय ब्याज एवं राशि के लिए **मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड** के शुल्क के विषयानुसार होगी। ऋणकर्ता ध्यान देवें कि धरोहर सम्पत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समयसीमा हेतु कानून की धारा 13 का उप सेक्शन (8) के प्रावधानों के अनुसार आमंत्रित किया जाता है।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या / ऋणकर्ता / सह-ऋणकर्ता/ जमानतदार का नाम	मांगपत्र का दिनांक एवं शेष ऋण राशि	अधिग्रहण का दिनांक	गिरवी संपत्ति/यों का विवरण
1.	एलएक्सबीएचओ00417-180055424 बिहारीलाल गंगा धर और सिद्धीबाई बिहारी लाल	16-03-2023 रू. 340182/-	14-अग.-23	प्लॉट नं. पी एच एन 4, ग्राम रायपुरिया, तहसील पचोर, राजगढ़, भोपाल, मध्य प्रदेश-465687

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 20.08.2023
अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी,
(मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड)

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना संख्या CEN00AGC1023

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) आगरा, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **दो पैकेट सिस्टम (E-RA)** पर ऑन लाइन **(E-Tendering)** के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदायें दिनांक **26.09.2023** को **15.00** बजे तक **website http://www.ireps.gov.in** पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा के विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (₹)	धरोहर राशि (₹)
1	2	3	4	5
01.	E-Tender Notice No. CEN00AGC 1023	आगरा फोर्ट-बांदीकुई सेक्शन के दोहरीकरण के लिये हेलक स्टेशन-दांतिया स्टेशन km 66.00m से km 108.00 m तक अर्थवर्क इन इमबेंकमेन्ट एवं कटिंग, ब्लेंकेटिंग, साइड ड्रेन एवं अन्य सम्बन्धित कार्य तथा माइनर पुलों का निर्माण एवं पी.वे. ट्रैक लिंकिंग, पी.वे. सामग्री का परिवहन, गिट्टी की आपूर्ति और लीडिंग एवं ए टी वेल्डिंग और अन्य सहायक कार्य।	₹ 140.90 करोड़ (लगभग)	₹ 71,95,200/-

6. कार्य पूर्ण होने की अवधिः 18 (अठारह) माह हार्वेस्ट एवं मानसून अवधि सहित। **8. निविदा खोलने का दिनांकः 26.09.2023, 9. वैधता अवधिः** 90 दिन। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की **website http://www.ireps.gov.in** को देखें। **1327/23 FA**

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

ADITYA BIRLA CAPITAL PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयॉन कंपाऊंड, वेरावल, गुजरात-362266.
शाखा कार्यालयः रूम नं. 401, चतुर्थ तल, कैमेक स्कवायर, 24, कैमेक स्ट्रीट, कोलकाता - 700016

"परिशिष्ट IV-A"
[नियम 8(6) का प्रावधान देखें)]

अचल संपत्ति के विक्रय के लिये विक्रय सूचना

अचल संपत्ति(यों) के विक्रय के लिये सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (2002 के 54) के नियम 8(6) के प्रावधान के अनुसार ई-नीलामी विक्रय सूचना।
सामान्य जन को सार्वजनिक रूप में एवं ऋणकर्ता (ओं) एवं प्रतिभूतिकर्ता (ओं) को विशेष रूप में यह सूचना दी जाती है कि नीचे दर्शाई अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के गिरवी/प्रभार में है, जिसका कब्जा ऋणकर्ता (ओं) जिनके नाम **1. टेक्नो ड्रिलर्स (उधारकर्ता), अपने भागीदारों के माध्यम से, 2. सतपुड़ा ड्रिलर्स, अपने मालिक, प्रकाश चंद जैन (सह-उधारकर्ता), 3. प्रकाश चंद जैन (गारंटर), 4. वीणा जैन (गारंटर) और 5. उत्सव जैन (गारंटर) से राशि भारतीय रू. में 9,05,42,343.51/- (रूपये नौ करोड़ पांच लाख बयालीस हजार तीन सौ तिरतालीस और इक्यावन पैसे मात्र) (यह राशि टीडीएस गणना एवं पूर्व-भुगतान के अतिरिक्त है) 07.07.2022 को देय एवं उस पर वसूली की तिथि** तक भविष्य में लगने वाले ब्याज एवं अन्य व्ययों की वसूली के लिए आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया जा चुका है, उक्त संपत्ति आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के द्वारा **"जहाँ है, जैसा है", "जैसा है, वैसा है" एवं "जो भी है"** आधार पर 26.09.2023 को नीलामी के माध्यम द्वारा विक्रय कर दी जायेगी।
आरक्षित मूल्य रू. 7,12,02,500/- (रुपये सात करोड़ बारह लाख दो हजार पाँच सौ मात्र) एवं जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रू. 71,20,250/- (रुपये इकहत्तर लाख बीस हजार दो सौ पचास मात्र) होगी।

अचल संपत्ति का विवरण

संपत्ति (1) - भूखंड संख्या 38, ख. नंबर 258, 260 और 263 पर स्थित भूमि, पीएच नंबर 114, वल्लभ भाई पटेल हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, मौजा- टिकरापारा, एक आवासीय भवन है, जो रायपुर के भीतर मौजा टिकरापारा, पीएच नंबर 144, जिला रायपुर में स्थित संपत्ति के सभी भाग व अंश, बंटा और घिरा हुआ-
उत्तर में -बाजपेयी का घर, दक्षिण में -सड़क,
पूर्व में -मजूमदार का घर, पश्चिम में -सड़क से घिरा है।
संपत्ति (2) - प्लॉट नंबर पर 1565 वर्ग फीट से थोड़ा अधिक या कम मापन वाली 30 साल पुरानी संरचना के साथ भूमि प्लॉट नं. 42, कमोबेश 3315 वर्ग फीट से थोड़ा अधिक या कम माप। खसरा नंबर 258, 260, 263, पी.एच. क्रमांक 114 का भाग, रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, वार्ड क्रमांक 51, ग्राम - वल्लभ नगर, तहसील और जिला रायपुर - 492001 के सभी भाग व अंश, बंटा और घिरा हुआ-
उत्तर में-मकान नंबर 38, दक्षिण में- 30 फीट चौड़ी सड़क,
पूर्व में-मकान नंबर 43, पश्चिम में-30 फीट चौड़ी सड़क

विक्रय की विस्तृत नियम व शर्तों के लिये कृपया आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार की वेबसाईट अर्थात् https://mortgagefinance.adityabirlacapital.com/ Pages/ individual/ Properties-for- auction-under-sarfaesi-Act or https://sarfaesi. auctiontiger.net

तिथि : 20.08.2023
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड

ADITYA BIRLA CAPITAL PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयॉन कंपाऊंड, वेरावल, गुजरात-362266.
शाखा कार्यालयः रूम नं. 401, चतुर्थ तल, कैमेक स्कवायर, 24, कैमेक स्ट्रीट, कोलकाता - 700016

"परिशिष्ट IV-A"
[नियम 8(6) का प्रावधान देखें)]

अचल संपत्ति के विक्रय के लिये विक्रय सूचना

अचल संपत्ति(यों) के विक्रय के लिये सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (54 के 2002) के नियम 8(6) के प्रावधान के अनुसार ई-नीलामी विक्रय सूचना।
सामान्य जन को सार्वजनिक रूप में एवं ऋणकर्ता (ओं) एवं प्रतिभूतिकर्ता (ओं) को विशेष रूप में यह सूचना दी जाती है कि नीचे दर्शाई अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के गिरवी/प्रभार में है, जिसका कब्जा ऋणकर्ता (ओं) जिनके नाम **1. मेसर्स राहुल ट्रेडिंग कंपनी (उधारकर्ता) प्रोपराइटरशिप कंसर्न का प्रतिनिधित्व इसके मालिक श्री नवनीत गुप्ता द्वारा, 2. नवनीत गुप्ता (मालिक/बंधककर्ता/गारंटर), 3. लीना गुप्ता (बंधककर्ता/गारंटर), 4. चंदर गुप्ता (बंधककर्ता/गारंटर), 5. नीलम गुप्ता (गारंटर), 6. मेसर्स सी.जी ट्रेडिंग कंपनी (गारंटर) प्रोप्राइटरशिप कंसर्न इसके प्रोपराइटर श्री चंदर गुप्ता से राशि भारतीय रू. में रु. 6,15,62,724.82/- (रूपये छह करोड़ पंद्रह लाख बाँसठ हजार सात सौ चौबीस और पैसे बयासी मात्र) (यह राशि टीडीएस गणना एवं पूर्व-भुगतान के अतिरिक्त है) 28.04.2023 को देय एवं उस पर वसूली की तिथि** तक भविष्य में लगने वाले ब्याज एवं अन्य व्ययों की वसूली के लिए आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया जा चुका है, उक्त संपत्ति आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के द्वारा **"जहाँ है, जैसा है", "जैसा है, वैसा है" एवं "जो भी है"** आधार पर **26 सितंबर 2023** को नीलामी के माध्यम द्वारा विक्रय कर दी जायेगी।
निम्न दर्शाई संपत्ति-। के लिए आरक्षित मूल्य रू. 10,99,20,750/- **(रुपये दस करोड़ निन्यानवे लाख बीस हजार सात सौ पचास मात्र) होगा और बयाना राशि** 1,09,92,075/- **(रुपये एक करोड़ नौ लाख बयानबे हजार और पचहत्तर मात्र) होगी।** जबकि संपत्ति-।। के लिए आरक्षित मूल्य रु. **76,55,500/- (रुपये छियत्तर लाख पचपन हजार पांच सौ मात्र) होगा और बयाना राशि रु. 7,65,550/- (रुपये सात रुपये लाख पैंसठ हजार पांच सौ पचास मात्र) होगी**

अचल संपत्ति का विवरण

संपत्ति (1)-ग्राम-कुम्हारी, पी.एच. 46, राजस्व मंडल, अहि बारा विकास खंड धमधा, तहसील - दमधा, जिला - दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि के सभी भाग व अंश, कब्ज़ा एवं स्वामित्व वाली भूमि, कृषि भूमि (विधिवत वाणिज्यिक में परिवर्तित), प्रकृति - असिंचित भाटा, खसरा नंबर 1450/3 , एवं 1450/6 (शेष भाग), क्षेत्रफल-0.206 हेक्टेयर अर्थात 0.51 एकड़ किराया 0.60 रूपये जो कि जी.ई. रोड (मेन रोड) से 400 फीट से अधिक दूरी पर स्थित है तथा जिसे संलग्न पटवारी मानचित्र में दर्शाया गया है। विलेख में (जिसे विलेख के अलग भाग के रूप में संलग्न किया जाएगा)। भूमि में कोई पेड़, कुआँ आदि नहीं है, भूमि नगर निगम के क्षेत्र में है और निम्नानुसार बंटी और सीमाबद्ध है :
उत्तर में- मालिक के परिवार की भूमि,
दक्षिण में- मालिक के परिवार की भूमि,
पूर्व में- मालिक की भूमि,
पश्चिम में- रेलवे की भूमि
संपत्ति (2)- भूमि अंश डी 7, सेक्टर 30 नया रायपुर के भीतर निर्मित संपत्ति के सभी भाग और अंश, ग्राम-नवागांव, पी.सी. नंबर 18, आरआईसी-मंदिर हसौद, नया रायपुर, तहसील- आरंग, जिला रायपुर सी.जी में अपार्टमेंट नंबर 802, 4बीएचके, ब्लॉक "ए" टावर-1 की 8वीं मंजिल, मेफेयर के सभी अंश भाग, जिसका कब्जा क्षेत्र 2510 वर्ग फुट है। कारपेट एरिया 1865 वर्ग फुट (श्री नवनीत गुप्ता के स्वामित्व में) और निम्नानुसार बंटी और सीमाबद्ध है :
उत्तर में- खुली जगह से दक्षिण में-खुली जगह से
पूर्व में- खुली जगह से पश्चिम में-सीढ़ी केस लॉबी
जिसमें भूमि/सतह खसरा नंबर 650/2, 651, 652, 653, 654, 655, 656, 657, 658 और 670 में कुल 255388 वर्ग फुट के सभी अंश भाग में अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है, जी.टी. लाइफ स्पेस डी-7, सेक्टर- 30, नया रायपुर (सी.जी.) द्वारा कवर किया गया और निम्नानुसार बंटी और सीमाबद्ध है :
उत्तर में- प्लॉट नंबर डी-6 दक्षिण में- प्लॉट नंबर डी-8 और हरित क्षेत्र
पूर्व में- 9 मीटर चौड़ा फैला और हरित क्षेत्र पश्चिम में- 24 मीटर चौड़ी सड़क
विक्रय की विस्तृत नियम व शर्तों के लिये कृपया आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/ सुरक्षित लेनदार की वेबसाईट अर्थात् https://mortgagefinance.adityabirlacapital.com/ Pages/ Individual/Properties-for-auction-under-sarfaesi-Act or https://sarfaesi. auctiontiger.net

तिथि : 20 अगस्त 2023
स्थान : कुम्हारी-दुर्ग एवं रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्राधिकृत अधिकारी
आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड
दूरभाष : 9503198114